**देश आपस में लड़ रहे हैं, हिंसा फैला रहे हैं और भारत शांति-सद्भाव का संदेश दे रहा है: लोस स्पीकर ओम बिरला**

**- बिरला बोले- युवा देश के केंद्र बिंदु हैं, भौतिकता छोड़ आध्यात्म का मार्ग अपनाएं**

**पांच दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन गरिमामय समापन...**

**140 देशों के सात हजार विद्वानों ने मंथन कर निकाला निष्कर्ष- आध्यात्म से ही आएगी एकता, शांति और समृद्धि**

**- समापन पर पहुंचे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला का ब्रहमाकुमारीज की ओर से किया गया नागरिक अभिनंदन**

**फैक्ट फाइल...**

***07 हजार देश-विदेश से विद्वान पहुंचे***
***150 से अधिक केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक, संत, सामाजिक कार्यकर्ता ने रखे विचार***
***08 सत्रों में सभी ने मिलकर किया मंथन***
***05 दिन चला वैश्विक शिखर सम्मेलन***
***01 स्प्रीचुअल एक्सपो से बताया साइंस और स्प्रीचुअलिटी का महत्व***
***250 देश के जाने-माने कलाकारों ने बनाईं पेंटिग्स***
***05 देशों से पहुंचे गायक, संगीतज्ञ और बाल कलाकार***

01 अक्टूबर, आबू रोड (राजस्थान)।
पांच दिवसीय वैश्विक शिखर के समापन पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि मानवीय मूल्य कम हो रहे हैं। कई देश आपस में लड़ रहे हैं, हिंसा का वातावरण फैला रहे हैं। एक देश से दूसरे देश में युद्ध का तनाव बढ़ रहा है, ऐसे में भारत ही है जो संपूर्ण विश्व में शांति, सद्भाव और समृद्धि का संदेश दे रहा है। भारत का विश्व में मान-सम्मान बढ़ रहा है। महात्मा गांधी जी ने भी वर्षों पहले विश्वभर में शांति और अहिंसा का संदेश दिया था जिसे आज भी दुनिया मानती है। शांति, सद्भाव, नैतिकता, परोपकार, सतकर्म तो हमारी संस्कृति रही है। सदियों से भारत विश्व में आध्यात्म की गंगा बहा रहा है। भारत विश्वगुरु था और फिर से बनने जा रहा है। इसमें ब्रहमाकुमारीज संस्थान की अहम भूमिका रहेगी। क्योंकि ये संस्था न केवल भारत बल्कि विश्व के 140 देशों में आध्यात्म की अलख जगा रही है। संस्था से जुड़कर लाखों युवा भाई-बहनें लोगों को आध्यात्मिकता अपनाने का संदेश दे रहे हैं। लाखों परिवार तन-मन-धन से इस कार्य को आगे बढ़ाने में समर्पित रूप से जुटे हुए हैं। ब्रहमाकुमारीज संस्थान के पांच दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन का समापन मंगलवार को हो गया। इस दौरान चले आठ सत्रों, डेढ़ सौ से अधिक वक्ताओं, उपराष्ट्रपति से लेकर केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्री, सांसद, विधायक, वैज्ञानिक, मीडियाकर्मी और संत-महात्मों सहित सात हजार लोगों ने मंथन कर निष्कर्ष निकाला कि आध्यात्म द्वारा ही विश्व में एकता, शांति और

समृद्धि आएगी। आध्यात्म ही विश्व को एक सूत्र में पिरो सकता है।

**देश की नजर युवा पर, आध्यात्म से जुडऩे का आह्नान...**

लोकसभा स्पीकर बिरला ने कहा कि युवाओं में ऊर्जा होती है और उन पर सभी की नजर होती है। भारत युवा है, जो देश के केंद्र बिंदु हैं। युवा भौतिकता को छोड़ आध्यात्मिकता से जुड़ें। युवा ही संदेश दे सकते हैं। यदि भारत को सही दिशा देनी है तो युवा को सही दिशा देनी होगी। ब्रह्माकुमारीज ने विश्वविद्यालयों से जुड़कर मूल्य शिक्षा एवं आध्यात्म को पाठ्यक्रम में शामिल किया है जो बहुत ही सराहनीय कार्य है। इससे युवाओं में आध्यात्मिकता के प्रति रुझान बढ़ेगा, उन्हें नई दिशा देगा। युवाओं की ऊर्जा को ये संस्था सही दिशा में लगा रही है, उन्हें आध्यात्म से जोड़कर समाज सुधार के कार्य से जोड़ा जा रहा है। संस्था के युवा भाई-बहनों ने हजारों किमी की पैदल यात्रा निकालकर लाखों लोगों को संदेश दिया आज ऐसे कार्यों की जरूरत है। यहां की शिक्षा लेकर प्रेरणास्त्रोत नौजवान तैयार हो रहे हैं। यहां की शिक्षा शांति पर आधारित है। वर्षों पहले लगाया गया छोटा सा पौधा आज वटवृक्ष बन गया है।

**आध्यात्म से ही राष्ट्र की होगी समृद्धि...**

लोस स्पीकर बिरला ने कहा कि बिना मानसिक स्वास्थ्य के कोई देश या राष्ट्र समृद्धि की ओर नहीं बढ़ सकता है। आध्यात्म से आंतरिक शांति आती है। यहां से संदेश दिया जा रहा है कि परमात्मा एक हैं। दादी जानकी 103 वर्ष की उम्र में भी हजारों ब्रह्माकुमारी बहनों का भारत के साथ विश्वभर के साढ़े आठ हजार सेवाकेंद्रों का मार्गदर्शन कर रही हैं। संस्था आध्यात्मिक ज्ञान के साथ बढ़चढ़कर सामाजिक कार्यों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

**सदा खुश रहो, आबाद रहो: दादी जानकी**

संस्थान की मुख्य प्रशासिका दादी जानकी ने कहा कि परमात्मा मेरा शिक्षक, सद्गुुरु, सखा, माता और पिता भी है। मैं सदा याद रखती हूं मैं कौन (आत्मा) और मेरा कौन (परमात्मा)। हम सभी एक पिता की संतान हैं। आपस में भाई-बहन हैं। इसी स्वमान में सदा मग्न रहती हूं। यदि जीवन में प्रेम और सच्चाई है तो खुशी अपने आप आ जाएगी। सदा खुश रहो, आबाद रहो।

जालोर-सिरोही सांसद देवजी एम पटेल ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा माई इंडिया, ग्रीन इंडिया अभियान चलाया जा रहा है जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बहुत ही सराहनीय कदम है। संस्था पूरे राजस्थान में सामाजिक सरोकार से जुड़े कई अभियान चला रही है। संस्था का नशा मुक्ति अभियान बहुत ही सराहनीय पहल है। इससे हजारों लोगों के जीवन को नई दिशा मिली है। ग्लोबल हॉस्पिटल के माध्यम से गरीबों, असहाय और जरूरतमंद लोगों की सेवा की जा रही है जो हमारे लिए गौरव की बात है।

**हरियाणा करनाल के निफा ग्रुप ने किया दादी रतनमोहिनी का सम्मान....**

गुरुनानक देव के 550वें प्रकाश उत्सव को लेकर हरियाणा के करनाल से निफा कल्चरल ग्रुप 40 हजार किमी की यात्रा पर जत्था निकला है। मंगलवार को जत्थे के यात्रीगण ब्रह्माकुमारीज के शांतिवन पहुंचे। ग्रुप के प्रमुख सरदार प्रीतपाल सिंह पन्नू ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज की संयुक्त मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी का आज सम्मान करके खुद को गौरवांवित महसूस कर रहा हूं। सरदार पन्नू व जत्थे के अन्य साथियों ने दादी को मोमेंटो व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। निफा ग्रुप द्वारा रास्ते में पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। इसके तहत शांतिवन में भी जत्थे के यात्रियों ने पौधे लगाए।

विशेष कार्यों पर किया सम्मानित....
इस दौरान लोस स्पीकर ओम बिरला और दादी जानकी ने ब्रह्माकुमारीज द्वारा चलाए गए मेरा भारत, हरित भारत अभियान में सराहनीय कार्य करने पर बीके भाई-बहनों का सम्मान मोमेंटो देकर किया। साथ ही जयपुर से आए न्यू इंडियन एक्सप्रेस के सीनियर असिस्टेंट एडिटर राजेश असनानी, भास्कर न्यूज की स्थानीय संपादक बीके प्रियंका कौशल, दिल्ली यूएनआई की चीफ सब एडिटर शिवानी नोरियाल, नोएडा से आईं न्यूज 24 की एसोसिएट एडिटर कविता सिंह चौहान का मोमेंटो देकर सम्मान किया गया।

**शोभायात्रा के रूप में पहुंचे डॉयमंड हॉल...**
लोस स्पीकर बिरला के शांतिवन पहुंचने पर दादी कॉटेज से शोभायात्रा के रूप में डॉयमंड हॉल पहुंचे। उनके स्वागत में यात्रा में सिर पर कलश लेकर ब्रह्माकुमारी बहनें और शिव ध्वज लेकर भाई आगे-आगे चल रहे थे। वहीं खुली गाड़ी में सवार होकर बिरला शांतिवन में घूमते हुए सभा स्थल पर पहुंचे। साथ ही जिला पुलिस की ओर से उनके सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर देकर परेड की सलामी भी दी गई। पूरे समय पुलिस सुरक्षा-व्यवस्था में मुस्तैद रही।

**ये भी रहे उपस्थित...**
शुरुआत में सम्मेलन के संयोजक बीके मृत्युंजय ने सभी का स्वागत किया। आबू पिंडवाड़ा विधायक समाराम गरासिया, रेवदर विधायक जगसीराम कोली, मल्टीमीडिया चीफ बीके करुणा, बीके हंसा, बीके वेद गुलयानी,डॉ. आरपी गुप्ता, सहित सम्मेलन में आए मेहमान मौजूद रहे। संचालन शिक्षा प्रभाग की मुख्यालय संयोजिका बीके शिविका ने किया। आभार प्रशासक प्रभाग के मुख्यालय संयोजक बीके हरीश ने माना।

फोटो- सभा को संबोधित करते लोक सभा स्पीकर ओम बिरला।
फोटो- दादी से आशीर्वाद लेते हुए बिरला।
फोटो- सभा में उपस्थित नागरिकगण।